वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 57 रविवार 25 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राजस्थान में 4 दिन होगी बारिश

## 35KM की स्पीड से हवा चलेगी; जोधपुर-बीकानेर में तेज गर्मी और उमस सताएगी



जयपुर

राजस्थान में ह्यूमिडिटी और गर्मी से लोग परेशान हैं। पूर्वी राजस्थान के लोगों को गर्मी और उमस से कल से थोड़ी राहत मिल सकती है। भरतपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग के 19 जिलों में 25 जून से बारिश की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। यहां हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है, जो तीन दिन तक जारी रहेगी। हालांकि पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के जिलों को अभी एक सप्ताह और तेज गर्मी के साथ उमस झेलनी पड़ सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी लॉन्गरेंज फॉरकास्ट के मुताबिक कल से भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा के अलावा बूंदी, बारां, झालावाड़, कोटा जिलों में बादल छाने के साथ 30-35 किलोमीटर स्पीड से हवा चल सकती है। इसके साथ ही कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### करौली में 20MM बारिश

पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश करौली के श्रीमहावीरजी में 20MM दर्ज हुई। इसके अलावा भरतपुर के भुसावर में 10, करौली के टोडाभीम में 9, जयपुर के चौमूं में 7, अलवर के थानागाजी में 7, दौसा के महुवा व सिकराय में 4-4 और चित्तौड़गढ़ के भोपालसागर में 7MM बारिश रिकॉर्ड हुई।

### रात में भी गर्मी-उमस हुई तेज

पूर्वी राजस्थान के साथ पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में रात में गर्मी और उमस तेज हो गई। कोटा, अलवर, धौलपुर, पिलानी, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर और हनुमानगढ़ में रात का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी गंगानगर में रही, जहां बीती रात न्यूनतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सिरोही के दिन में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस के बराबर रहा।

### इन जिलों के लिए अलर्ट

**25 जून:** अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, सीकर, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर, टोंक और उदयपुर में बादल छाने, हवा चलने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

**26 जून:** भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर, टोंक, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, झालावाड़ में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**27 जून:** बारां, झालावाड़, कोटा में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। जबकि प्रतापगढ़, करौली, जयपुर, डूंगरपुर, धौलपुर, दौसा, चित्तौड़गढ़, बूंदी, भीलवाड़ा, अजमेर और अलवर एरिया में हल्की बारिश होने का अनुमान है।



## मेयर बोलीं- जयपुर की सफाई व्यवस्था हुई चौपट

### अधिकारियों को लताड़ा, कहा- कुर्सियों पर जमे हैं जिम्मेदार; व्यवस्था संभालें, नहीं तो नोटिस जारी होंगे

**जयपुर. कासं।** मानसून से पहले जयपुर शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था को लेकर मेयर मुनेश गुर्जर ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जयपुर की सफाई व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। शहर में जगह-जगह गंदगी पड़ी हुई है। सफाई व्यवस्था के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। वहीं मानसून से पहले अब तक नाला सफाई नहीं हुई है। जो जयपुर की जनता के लिए बारिश के दौरान बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। इससे नाराज होकर मेयर ने अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। मेयर ने बदहाल सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। वहीं जनता के सामने ही उन्हें सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की नसीहत देते हुए कहा कि अगर सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई। तो अब आप पर कार्रवाई की जाएगी। मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि मैं जयपुर की सड़कों पर समस्याओं को जानने के लिए घूम रही हूं। वहीं दूसरी और अधिकारी कुर्सियों पर जमे हुए हैं। उन्हें आम जनता की समस्या के बारे में पता ही नहीं है। शहर के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। नाला सफाई अब तक पूरी नहीं हो पाई है। लेकिन अधिकारी सिर्फ जनता से जुड़ी फाइलों को रोक कर बैठे हुए हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रोटरी में सेवा से प्रेरणा, सुकून और साथ मानसिक संतुष्टि मिलती है: चिराना

## समाज सेवा के कारण राजस्थान व गुजरात के 700 से अधिक रोटेरियन्स को मिले अवार्ड

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**



रोटरी क्लब उदय की ओर से रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 का सत्र 2022-23 का आभार एवं प्रदर्शन समारोह उपहार शनिवार को कोडियात रोड़ स्थित रमाडा रिसोर्ट में आयोजित हुआ। जिसमें राजस्थान एवं गुजरात के 700 से अधिक रोटेरियन्स को उनके द्वारा इस सत्र में किये गये सेवा कार्यो के कारण सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलवंत चिराना एवं उदयपुर संभाग आईजी अजयपाल लांबा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलवंत चिराना ने कहा कि आज के कार्यक्रम की यात्रा का शुभारंभ एवं शपथ 16 जुलाई 2022 को उदयपुर से ही हुआ था और सौभाग्य से आज 24 जुलाई को उदयपुर में ही उसका समापन हो रहा है।चिराना ने इस दौरान अपने जीवन के अनुभव सुनाते हुए कि उनके जीवन में बहुत उतार चढ़ाव आए, त्रासदी हुई....अगर वह रोटेरियंस नहीं होते तो शायद उन्हें हौसला और हिम्मत नहीं मिल पाती। रोटरी की सबसे बड़ी खासियत है इसमें सेवा, सुकून, प्रेरणा के साथ मानसिक संतुष्टि मिलती है।मुख्य अतिथि उदयपुर संभाग के आईजी अजय पाल लांबा ने कहा कि रोटरी का सेवा और समर्पण सारी दुनिया के लिए प्रेरणा है। रोटरी ऐसा मंच है जहां पर व्यक्ति अपनी प्रतिभा को निखार सकता है। उन्होंने राजस्थान और गुजरात से आए सभी रोटेरियन्स का आह्वान किया कि वह मेवाड़ की धरती से शक्ति, भक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा जरूर लेकर जाएं। कार्यक्रम संयोजक एवं सहायक प्रांतपाल डॉ.ऋतु वैष्णव ने रोटरी क्लब के कार्यकलापों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उदयपुर की धरती पर राजस्थान और गुजरात के रोटेरियंस का यह महामिलन अद्भुत है। हमारी संस्कृति है पधारो म्हारा देश उसी का हम पालन कर रहे हैं। आज हम सम्मान और समर्पण की एक नई गाथा लिखने जा रहे हैं। रोटेरियन अजय काला ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलवंत चिराना के बारे में कहा कि उनकी बातों में सारगर्भित एवं मौलिकता कूट-कूट कर भरी होती है। ये जिंदादिल और कर्मठ व्यक्तित्व के धनी है। कोई भी काम हाथ में ले जब तक पूरा नहीं होता तब तक यह चैन से नहीं बैठते हैं। क्लब अध्यक्ष नवीन वैष्णव ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट ने पहली बार रोटरी क्लब उदय को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। जिसे क्लब के हर सदस्य के माध्यम से पूरा करने का प्रयास किया गया।

**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

## आ गया मौका एक और ऐतिहासिक शाम, ऐतिहासिक पल और ऐतिहासिक सेशन में शामिल होने का और उसे अनुभव करने का




**जयपुर।** समाज श्रेष्ठी नन्दकिशोर , प्रमोद पहाड़िया( ARLGROUP ) व समाज गौरव भामाशाह अशोक सुशीला पाटनी( R.K.MARBLE GROUP ) के विशेष सहयोग व समाज श्रेष्ठी शिखर चंद कासलीवाल, यशकमल अजमेरा, ताराचंद पोल्याका, श्रीमती ललिता देवी ज्ञानचंद , मीनू बाकलीवाल , प्रकाश चंद चाँदवाड, राजेन्द्र काला,डॉ. एम. एल. जैन मणि, उत्तम चंद पाटनी,राजीव जैन,श्रीमति रेणु राणा,श्रीमति किरण बगड़ा के सहयोग से ₹अरिहन्त नाट्य संस्था व श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति त्रिशला सम्भाग,दुर्गापुरा₹ के द्वारा आयोजित...ARL प्रेजेंट्स, पहल थियेटर एवं पर्सनेलिटी डवलपमेंट वर्कशॉप के अंतर्गत दिनांक 25 जून को शाम 7 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी,दुर्गापुरा में एक सेलिब्रेटी सेशन रखा गया है। लगभग 250 बच्चे, उनके 500 पेरेंट्स व समाज के अनेकों गणमान्य अतिथियों से भरे सभागार में बच्चे और उनके पेरेंट्स ₹मुंबई से आये सेलिब्रेटी टीटू वर्मा₹ से बेहतर लाइफ़, बेहतर कैरियर और अपनी प्रोफेशनल जर्नी को आगे कैसे बढ़ाएं उसके टिप्स लेंगे। टीटू वर्मा सभी लोगों को अपनी सक्सेस जर्नी से अवगत कराएंगे और बच्चों को मोटिवेट करेंगे कि वो अपने जीवन में अब आगे कैसे बढ़ें।

## चातुर्मास और सामाजिक मुद्दे के संबंध में जैन समाज ने की पुलिस अधिकारियों से मुलाकात




**शाबाश इंडिया/अमन जैन कोटखावदा**

**जयपुर.** शहर के प्रतापनगर के जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने जैन समाज में होने वाले चातुर्मास और सामाजिक मुद्दों को लेकर शनिवार को क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांगानेर डीवाईएसपी विनोद शर्मा और एसएचओ सांगानेर मानवेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान जैन समाज द्वारा पुलिस अधिकारियों का सम्मान भी किया इस अवसर पर सांगानेर थाने के सीएलजी सदस्य मनीष ( रैनी वाले) दीपक मंगल ( कोषाध्यक्ष सांगानेर मित्र मंडल) समाजसेवी पारस जैन, युवा समाजसेवी अमन जैन कोटखावदा, नितिश मित्तल युवा समाजसेवी व जैन समाज से गणमान्य लोग शामिल हुए ।



# पिस्तादेवी की पुण्यतिथि पर सेटेलाइट अस्पताल में मरीजों को फल बांटे व पार्कों में परिंडे बांधे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पिस्तादेवी की 7वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नागरमल पिस्तादेवी मणकसिया चैरिटेबल



*ट्रस्ट के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल व सचिव अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभ में समाजसेविका पिस्तादेवी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।*


ट्रस्ट की ओर से आज सेठी कॉलोनी स्थित सेटेलाइट हॉस्पीटल में मरीजों को फल का वितरण किया गया। इस दौरान सेठी कॉलोनी सहित अन्य पार्कों में परिंडे बांधे गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल व सचिव अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभ में समाजसेविका पिस्तादेवी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सेटेलाइट हॉस्पीटल मरीजों व स्टॉफ को फल का वितरण किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल व सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सह सचिव योगेश बिंदल व सुरेश अग्रवाल व सदस्य मंजू अग्रवाल,सरोज अग्रवाल, किरण अग्रवाल व गायत्री अग्रवाल के अलावा सेटेलाइट हॉस्पीटल की चिकित्सक डॉ.मनोरमा शर्मा सहित हॉस्पीटल का स्टॉफ मौजूद रहा। सचिव अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि गर्मी को देखते हुए ट्रस्ट की ओर से पिछले तीन दिन से परिंडे बांधे जा रहे है। अब तक आसपास के पार्कों सहित अन्य स्थानों पर 250 परिंडे बांधे जा चुके हैं।

# बडजात्या मालवा चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष चुने गए

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**



इंदौर। दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष , लायंस क्लब के डायरेक्टर, समाज की अनेक संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारी जैन रत्न अशोक जैन बडजात्या व्यापारिक एसोसियेश की सबसे बड़ी संस्था मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन पद पर सुशोभित होने पर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन, राकेश विनायका, सुशील पांड्या, हंसमुख गांधी संजीव जैन सजीवनी, राजीव जैन बंटी भैया, राजेश जैन दद्दू प्रदीप बडजात्या एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, सारिका जैन, अंजलि जैन ने भी बंधाई प्रेषित कर आप के इस मनोनयन से समग्र जैन समाज ने खुशियां जाहिर की।



## वेद ज्ञान

# सहजता का दृढ़ आधार

सामान्यतः मनुष्य रिद्धियों, सिद्धियों और निधियों के लिए व्याकुल रहता है। उसे लगता है कि इनसे जीवन और आनंदमय हो जाएगा, यश और प्रतिष्ठा मिलेगी। मानव इतिहास में एक भी उदाहरण नहीं है कि कभी ऐसा हुआ हो, जो मिला वह जीवनकाल में ही क्षय हो गया। यदि बना भी रहा तो परलोक साथ नहीं गया। मनुष्य को जीवन में कुछ भी पाने का सुख कम मिलता है और उसे बनाए रखने की चिंता अधिक हो जाती है। आध्यात्मिक जगत में सबसे श्रेष्ठ मन की अवस्था है। इसकी तुलना संसार की किसी भी उपलब्धि से नहीं की जा सकती। मन में संतोष, प्रेम, सहिष्णुता हो तो संसार को देखने की दृष्टि बदल जाती है। सारे आत्मिक गुण मिलकर सहज अवस्था का निर्माण करते हैं। इसके तुल्य और कुछ नहीं है। मनुष्य के सारे संवेग शांत हो जाते हैं। मित्र और शत्रु का भेद मिट जाता है। हर्ष व विषाद का अंतर नहीं रहता। स्तुति और निंदा एक समान हो जाते हैं। मनुष्य की सारी ऊर्जा तो इन्हीं में लग जाती है। यही उसके विकारों की जड़ है। इन्हीं कसौटियों पर वह अपने जीवन को तोलता रहता है। इसके बाद वह तय करता है कि उसके खुश होने के दिन हैं या दुख का समय है। सहजता का दृढ़ आधार परमात्मा पर अटल विश्वास है। मनुष्य यह स्वीकार कर ले कि परमात्मा ही एकमात्र कर्ता है, संसार में सब कुछ उसकी इच्छा से ही हो रहा है। जैसा जिसका पात्र है, परमात्मा उसी अनुरूप उसका पात्र भर रहा है। मन जितना पवित्र होगा, फल वैसा ही मिलेगा। परमात्मा तो महान दाता है। उसके भंडार अपार हैं। वह देते हुए न तो थकता है और न पीछे हटता है। उससे मांगें तो सहजता, इससे शेष सारी कामनाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। सहजता सबसे बड़ी सिद्धि है। अत्यंत कठिन है कि हर अनुकूल व विपरीत स्थिति में मनुष्य का समभाव बना रहे, उसका चित्त शांत रहे, लोभ, क्रोध, काम को वश में करना अति कठिन है। किंतु यह संभव है कि कमल यदि कीचड़ में, जल में रहकर भी उससे ऊपर उठकर रह सकता है तो मनुष्य क्यों नहीं। आकाश स्तंभों के बगैर खड़ा है।

## संपादकीय

# लैंगिक समानता में बेहद पीछे छूट गए हैं हम...

महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक और हिस्सेदारी की जरूरत लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है। इसके लिए अनेक योजनाएं चलाई गईं, कई नियम-कायदों, कानूनों में बदलाव किए गए। मगर अवसर, आय, निर्णय लेने की जगहों पर उनकी पहुंच, राजनीतिक भागीदारी आदि स्तरों पर स्थिति बहुत उत्साहजनक नहीं देखी गई है। अच्छी बात है कि विश्व आर्थिक मंच की इस साल की वार्षिक लैंगिक अंतराल रपट में लैंगिक समानता के मामले में भारत की स्थिति आठ पायदान सुधरी है। एक सौ छियालीस देशों में वह एक सौ सत्ताईसवें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले साल एक सौ पैंतीसवें स्थान पर था। शिक्षा के सभी स्तरों पर पंजीकरण में लैंगिक समानता बढ़ी है। इसने 64.3 फीसद लैंगिक अंतराल को पाट दिया है। हालांकि आर्थिक सहभागिता और अवसरों के मामले में 36.7 फीसद समानता के स्तर पर पहुंचा है। महिलाओं के वेतन और आय के मामले में मामूली वृद्धि हुई है। राजनीतिक सशक्तीकरण के मामले में भारत ने 25.3 फीसद समानता हासिल की है। इस वक्त 2006 के बाद महिला सांसदों की संख्या सर्वाधिक है। निश्चित रूप से इन आंकड़ों से कुछ राहत का अनुभव किया जा सकता है। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि लैंगिक समानता के मामले में यह रफ्तार संतोषजनक नहीं है। तुलनात्मक रूप से देखें, तो कई मामलों की तरह लैंगिक समानता के स्तर पर भी हमसे गरीब माने जाने वाले पड़ोसी देश बेहतर स्थिति में हैं। नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और भूटान हमसे बेहतर स्थिति में हैं। शिक्षा के मामले में निश्चित रूप से हमारे देश की लड़कियों ने लड़कों को बराबरी की टक्कर दी है। वार्षिक परीक्षाओं से लेकर कई प्रतियोगिताओं में वे लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करती देखी जा रही हैं। शीर्ष के कुछ स्थानों पर वही मौजूद नजर आती हैं। यह निश्चित रूप से पढ़ाई-लिखाई को लेकर लड़कियों के बारे में माता-पिता और समाज की बदली सोच का नतीजा है। मगर जब अवसरों की बात आती है तो वहां ऐसा ही उत्साहजनक वातावरण नहीं है। तमाम अध्ययनों से जाहिर है कि लड़कों की तुलना में लड़कियों को कम अवसर उपलब्ध हो पाते हैं। फिर वेतन-भत्तों में भी लड़कों की तुलना में उनके साथ भेदभाव किया जाता है। दरअसल, लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई को लेकर लोगों के दृष्टिकोण में उदारता तो जरूर आई है, मगर उनकी योग्यता के आंकलन में वही पुरुषवादी मानसिकता काम आती है। इस वजह से निर्णय वाली जगहों पर उनकी पहुंच मुश्किल से हो पाती है। महिला सशक्तीकरण का नारा तो अब पुराना हो चला, मगर इस तकाजे पर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया कि बिना राजनीतिक सशक्तीकरण के महिलाओं का वास्तविक सशक्तीकरण संभव नहीं हो पाएगा। विधायिका में तैंतीस फीसद आरक्षण का मामला आज तक दलीय संकीर्णता की वजह से लटका पड़ा है। यहां तक कि राजनीतिक दलों के आंतरिक ढांचे में भी उच्च पदों तक उनकी पहुंच मुश्किल से ही हो पाती है, बेशक वे कार्यकर्ता के रूप में बड़ी तादाद में दिखाई दें।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# चीन का अड़ंगा...

जब भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को नामित करने का प्रस्ताव भारत और अमेरिका लाते हैं, चीन अड़ंगा लगा देता है। चीन आदतन ऐसा करता है। मुंबई हमलों में वांछित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को नामित करने के प्रस्ताव पर चीन ने अपना रंग दिखाया है। यह प्रस्ताव पिछले साल सितंबर में अमेरिका ने रखा था और भारत ने इसका समर्थन किया था। चीन ने तब इस पर तकनीकी रोक लगा दी थी, जिसका प्रावधान सुरक्षा परिषद की दाएश और अल कायदा प्रतिबंध समिति की प्रक्रियाओं में किया गया था। तकनीकी रोक के प्रावधान का उपयोग तब किया जाता है जब कोई सदस्य नामित व्यक्ति के बारे में अधिक जानकारी चाहता है। संयुक्त राष्ट्र में अगला कदम प्रस्ताव को स्थायी आपत्ति के तहत रखना होता है। चीन ने यही किया है, जबकि साजिद मीर की आतंकी पृष्ठभूमि और 2008 में मुंबई में हुए हमले में उसकी भूमिका के बारे में सैकड़ों सबूत उपलब्ध हैं। अब साजिद मीर को प्रतिबंधित करने के किसी भी प्रयास के लिए नया प्रस्ताव रखना होगा। 26/11 हमलों में मीर की भूमिका सर्वविदित है। मुंबई हमलों में वांछित लश्कर के आतंकी हेडली ने अमेरिकी एजंसी एफबीआइ की पूछताछ में मीर और पाकिस्तानी सेना के एक मेजर इकबाल का नाम लिया था। 2016 में मुंबई की एक अदालत में अपनी गवाही में भी हेडली ने दोनों के नाम लिए थे। दरअसल, मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किए जाने पर रोक लगाने में बेजिंग का निजी कोई फायदा नहीं है, सिवाय इसके कि वह खुद की ताकत दिखाए और पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के लिए ढाल बने। मीर से जुड़े प्रस्ताव पर चीन के ताजा रवैये को लेकर भारत की प्रतिक्रिया स्वभाविक है कि आतंकवाद पर चीन की धारणा आत्म-विनाशकारी है। चुनौती वैश्विक स्तर की है और अगर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की इच्छाशक्ति है, तो तुच्छ भू-राजनीतिक हितों को दरकिनार करना होगा। लेकिन पाकिस्तान के साथ अपने भू-राजनीतिक हितों के कारण चीन अपनी सोच का दायरा विस्तृत नहीं कर पा रहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन का गैर जिम्मेदाराना रवैया तब सामने आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस घटनाक्रम का अमेरिका, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की कूटनीति या क्वाड की गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। चीन सिर्फ यह दिखाना चाहता है कि उसे वैश्विक हितों की परवाह नहीं है। वह पाकिस्तान के नापाक इरादों का साथ देगा। लेकिन चीन और पाकिस्तान झ दोनों को याद रखना होगा कि आतंक से जुड़े संगठन अपने आकाओं के लिए ही मुसीबत बन जाते हैं, जैसे कि आज पाकिस्तान के लिए तहरीक-ए-तालिबान बना हुआ है। चीन ने भविष्य के लिए ऐसी ही आशंका का बीजारोपण किया है। क्षेत्रीय भू-राजनीति के संकीर्ण हितसाधन में चीन यह भूल रहा है कि आतंकवाद की लपटें उसके दामन को भी झुलसा सकती हैं।

# आचार्य सौरभ सागर महाराज का जयपुर की धरा पर मंगल प्रवेश आज रविवार को

## हवामहल पर हाथी, घोड़े, बग्घी, बैंड-बाजों, लवाजमों और जयकारों के साथ जैन समाज करेगा अगवानी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज से 29 वर्षों पहले पहले दीक्षित आचार्य सौरभ सागर महाराज का जयपुर की धरा पर पहली बार चतुर्मासिक मंगल प्रवेश रविवार को प्रातः 7.15 बजे हवामहल पर होने जा रहा है। यहां पर सकल दिगंबर जैन समाज जयपुर आचार्य श्री की हाथी, घोड़े, बग्घी, बैंड-बाजों, लवाजमों और जयकारों के साथ अगवानी करेगा। प्रचार संयोजक सुनील साखुनियाँ ने जानकारी देते हुए बताया की आचार्य श्री अपने 29 वर्षीय कठोर तपस्या के मार्ग पर चलते हुए पहली बार जयपुर की धरा पर मंगल प्रवेश कर रहे है। इस बार आचार्य श्री के चातुर्मास को करवाने का सौभाग्य जयपुर जैन समाज को प्राप्त हुआ है। शनिवार को आचार्य श्री ने चुलगिरी से विहार कर मोहनबाड़ी जैन मंदिर में प्रवेश किया था, रविवार को प्रातः 6.15 बजे मोहनबाड़ी से विहार कर आचार्य श्री हवामहल, बड़ी चौपड़ पर प्रवेश करेगे, जहां पर श्री पुष्प वषायोग समिति और सकल दिगंबर जैन समाज भक्ति-भाव पूर्वक, जयकारों के साथ अगवानी करेगे। यहां से आचार्य श्री को भव्य शोभायात्रा के साथ भट्टारक जी की नसियां में मंगल प्रवेश करवाया जायेगा, जहां पर विशाल धर्म सभा का आयोजन होगा।

### शोभायात्रा हवामहल से प्रारंभ होकर यहां-यहां से गुजरेगी

रविवार को प्रातः 7.15 बजे हवामहल से शोभायात्रा हाथी, घोड़े, बग्घी, बैंड-बाजों, लवाजमों के साथ प्रारंभ होकर जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यू गेट, अजमेरी गेट, एसएमएस हॉस्पिटल, नारायण सिंह सर्किल से होते हुए भट्टारक जी की नसियां में प्रवेश करेगी।



### अगवानी में शामिल होगे गणमान्य लोग

आचार्य श्री के पहली बार जयपुर मंगल प्रवेश होने के अवसर पर कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय बापना, पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष संजय जैन, ग्रेटर नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट, संयुक्त अभिभावक संघ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू, बाल आयोग की सदस्या श्रीमती संगीता गर्ग, अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल, पदमपुरा कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन, मंत्री हेमंत सोगानी, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष जैन पांड्या, महावीर शिक्षा परिषद अध्यक्ष उमरावमल संघी, समाजसेवी विवेक काला, महेश काला, राजीव जैन गाजियाबाद वालो सहित जयपुर की समस्त मंदिर समितियां, महिला मंडल, युवा मंडल, सोश्यल ग्रुप, दिगंबर जैन सोश्यल ग्रुप एवं सभी जैन संस्थाओं के पदाधिकारी अगवानी करेगे।

# जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान भगवान महावीर के गर्भ कल्याणक दिवस पर सामूहिक रूप से भक्ति भाव के साथ अर्घ्य चढ़ाया गया, गर्भ कल्याणक दिवस पर सभी की सुख- समृद्धि एवं शांति की मंगलमय कामना की गई। कार्यक्रम में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आर्यिका श्रुतमति माताजी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि भगवान महावीर ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया, उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए जो इस प्रकार है अहिंसा,सत्य, अपरिग्रह, अचोर्य, ब्रह्मचर्य, अतः हमें भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में फागी जैन समाज के केलास कलवाडा,सोहनलाल झंडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा,सुरेश सांघी, हरकचंद पीपलू,टीकम गिंदोडी,सोभाग सिंघल, हेमराज कलवाडा, सुरेश मांदी, रतननला,पारसनला, सुरेश डेठानी, शिखर मोदी, धर्म चंद पीपलू, महेंद्र बावड़ी, अनिल कठमाना, मनीष गोधा, कमलेश सिंघल, शिखर मोदी,पारस मोदी, विनोद मोदी, ललित मांदी,कमलेश चोधरी, राजकुमार मांदी त्रिलोक पीपलू, तथा राजाबाबु गोधा सहित सभी श्रावक जन उपस्थित थे।

# भगवान महावीर के गर्भ कल्याणक महोत्सव पर भक्ति संगीत का आयोजन



**पदमपुरा. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में भगवान महावीर के गर्भ कल्याणक महोत्सव पर भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ, मुनि सवानंद महाराज,मुनि जिनानन्द एवं मुनि पुण्यानन्द महाराज के सानिध्य में मंदिर प्रांगण में भजनों की गंगा बहाई गई। इस मौके पर प्रसिद्ध गायक एवं धर्म जागृति संस्थान के मंत्री जिनेन्द्र जैन जीतू सहित अन्य कई गायकों ने जैन भजनों एवं आध्यात्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के कोषाध्यक्ष राज कुमार कोठ्यारी,धर्म जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला, महामंत्री सुनील पहाड़ियां, संरक्षक ज्ञान चंद जैन,कमल दीवान, महेश सेठी,पंकज लुहाड़िया,निर्मल पाटोदी, राजीव जैन लाखना, दीपिका जैन कोटखावदा, अंजना बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए। इस मौके पर आचार्य श्री चैत्य सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भजन और भोजन हमारी प्राचीन संस्कृति है। साथ में साधु की संगति एवं गुरु का सानिध्य मिल जाएं तो सोने में सुहागा हो जाता है। उन्होंने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

# मुनि सर्वानंद महाराज ससंघ का बापूगांव के छोटा गिरनार अतिशय क्षेत्र में हुआ मंगल प्रवेश

## मीरा मार्ग दिगम्बर जैन मंदिर में होगा चातुर्मास



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रसिद्ध दिगम्बर जैन आचार्य 108 वसुनंदी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सर्वानंद महाराज,मुनि जिनानन्द एवं मुनि पुण्यानन्द महाराज ससंघ का बापू गांव से विहार होकर रात्रि विश्राम आकोडिया जैन मंदिर में होगा। शनिवार 24 जून को प्रातः मुनिसंघ का आकोडिया से सुबह 5 बजे विहार होकर सुबह 7 बजे तक अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा जैन मंदिर जी मे प्रवेश हुआ।24 जून को शाम को बाड़ा पदमपुरा से विहार होकर रात्रि विश्राम बीलवा स्थित जैन मंदिर जी मे होगा ।25 जून को सुबह 5 बजे बीलवा से विहार करके सेक्टर 3 स्थित दिगम्बर जैन मंदिर जी मे प्रवेश होगा, जहाँ आहार चर्या सम्पन्न होंगी। मुनि संघ का आकोडिया, पदमपुरा, शिवदासपुरा,बीलवा, प्रतापनगर होते हुए आगामी शनिवार 01 जुलाई को अग्रवाल फार्म के मीरा मार्ग स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश होगा।


# सरावगी समाज के वयोवृद्ध सूरजमल पाटनी को विज्ञाश्री माताजी ने दिया स्वस्थ रहने का आशीर्वाद



**विमल जोला. शाबाश इंडिया।**
निवाई। भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संध का शनिवार को सुबह निवाई शहर में मंगल पदार्पण हुआ। मंगल प्रवेश के आगमन को लेकर शहर के बीचों बीच प्रथम बार निर्वाण नगर स्थित जैन भवन पर आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का निअंर्तराय आहार चर्या महावीर प्रसाद हितेश कुमार छाबड़ा के द्वारा सम्पन्न करवाई गई।


श्री राकेश-रेणु संघी

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के उपाध्यक्ष



Happy Anniversary

की वैवाहिक वर्षगांठ (25 जून) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर



श्री प्रमोद-नमिता जैन

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य



Happy Anniversary

की वैवाहिक वर्षगांठ (25 जून) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# राजस्थान स्टेट ऑफिसियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकैडमी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

### अर्पित सिंह ने सिल्वर तथा वंशिका नामा ने ब्रांज मेडल जीता



**कोटा. कासं।** प्रदेश के अलवर शहर में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, व सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकैडमी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि 19 से 21 जून को अलवर स्थित मंगल परिणय गार्डन में ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें कैडेट वर्ग में मनमीत सिंह ने स्वर्ण पदक व अर्पित सिंह ने सिल्वर तथा वंशिका नामा ने ब्रांज मेडल जीता। जूनियर वर्ग में इंद्रजीत सिंह ने सिल्वर, राजकुमार राठौर ने ब्रांज और पेअर पूमसे में शिवांगी अग्निहोत्री व इंद्रजीत सिंह ने ब्रोंज मेडल अपने नाम किया किया। आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मनमीत सिंह का नाम सुनिश्चित किया गया। कोटा पहुँचने पर श्रीनाथपुरम स्टेडियम में जीतने वाले खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष अनिल कुमार ने शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदक विजेता रिदम शर्मा का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर वर्धमान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. सुबोध अग्निहोत्री, डीके शर्मा, दिनेश राठौर,बलविंदर कौर, राजेंद्र कौर ने विजेताओं को बधाई दी।

> ‘इस अवसर पर राष्ट्रीय पदक विजेता रिदम शर्मा का भी स्वागत किया गया’


## श्री अनिल जी- अनिता जी



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के कोषाध्यक्ष

की वैवाहिक वर्षगांठ (25 जून) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

## श्री राजेश जी – जैना जी गंगवाल



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (25 जून) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने कहा...

# दीक्षा ली जाती है दी नहीं जाती और पद दिया जाता है लिया नहीं जाता

**डोंगरगढ़. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में विराजमान हैं। आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने बताया कि स्मृति वर्तमान में होती है लेकिन उसका अनुभव नहीं होता है। आचार्य कुंदकुंद ने बताया कि दीक्षा के दिन को याद करने से क्या होता है ।दीक्षा के दिन को याद नहीं करना किन्तु दीक्षा क्यों धारण किया है उसको याद रखने को कहा है ।आप लोग घरों में प्रवेश करते हैं जब कहीं जाते हैं तो लौटकर वापस घर ही आते हैं ।किन्तु दीक्षा होने के उपरांत लौटने की बात नहीं होती है। यदि लौटना ही है तो फिर जाना नहीं चाहिये ।इस रहस्य को जो समझ गया वह कभी लौटने कि बात नहीं करता वह सिर्फ आगे बढ़ते जाता है और जो दीक्षा उपरांत छोटे घर से निकल कर बड़े घर में रह रहा है उसे यह रहस्य अभी भी समझ में नहीं आया है। दीक्षा ली जाती है दी नहीं जाती और पद दिया जाता है लिया नहीं जाता।जब दीक्षा लेते हैं तो गुरु का आशीर्वाद भी रहता है। यथायोग्य दीक्षा के उपरांत नियमों का पालन आदि रुचिपूर्वक एवं श्रद्धान के साथ करते हैं ।स्मृति का हमें अनुभव नहीं हो सकता, वर्तमान में प्रत्यक्ष होता है वही अनुभव में आता है। संसार सब कुछ दिख रहा है लेकिन देखने वाला नहीं दिखता ।गुरु ने मुझे गुरु समय दिया लघु बनने के लिये ।पहले मुनि महाराज जंगलों में रहते थे वहाँ उन्हें जिन बिम्ब का दर्शन नहीं होता था तो वे परोक्ष में ही बिम्ब का दर्शन कर लेते थे ।गुरु ने पद दिया है निर्वाह करना है जब तक चल रहे हैं ठीक




है जब खीचने लग जायें तो यहाँ पर खीचा झ तानी नहीं होना चाहिये ।यह बहुत बड़ा पद है जिसको लघु बनकरके शक्ति को विकसित किया है ।जिस प्रकार रेल में चालक और गार्ड होता है ।गार्ड जब हरी झंडी दिखाता है तभी चालक रेल को आगे बढाता है और जब गार्ड लाल झंडी दिखाता है तो चालक रेल को वही रोक लेता है ।स्मृति का अर्थ शास्त्र होता है और उसका दूसरा अर्थ लिखा हुआ भी होता है ।पहले फलक पर लिखा जाता था जिसे पढ़कर उसका पालन करते थे । भगवान से यही प्रार्थना है कि लघु से लघुतर, लघुतर से लघुतम बनूं ।यहाँ लघु से आशय छोटा है किन्तु उसका दूसरा अर्थ हल्का है ।जैसे एक कढाई में घी को चुरोते हैं फिर उसमे कच्ची पूरी डालते हैं जब उसमे कच्ची पूरी डालते हैं तो वह नीचे जाती है क्योंकि उसमे पानी का भार था और जब वह चुरने लगती है और आप लोग उसमे ऊपर से घी का अभिषेक करने लगते हो तो उसका सारा पानी निकल जाता है और वह हल्की झ फुल्की होकर ऊपर आ जाती है ।हल्की मतलब भार कम होना और फुल्की मतलब फूलना (अच्छा लगना) ।इसी प्रकार हमें हल्का होना है पूरी कि भांति लेकिन उसके लिये हमें इस चुरनी को सहन करना पड़ेगा ।गुरु जी ने आचार्य पद को त्याग कर दिया था क्योंकि मुनि बनकर ही सल्लेखना ले सकते हैं ।मुनि दीक्षा का अंतिम लक्ष्य सल्लेखना ही होता है । शुक्रवार 23 जून को आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का 56 वा मुनि दीक्षा दिवस श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया ।प्रातः भगवान का अभिषेक, शान्ति धारा, पूजा हुई फिर आचार्यश्री कि पूजा बहुत भक्ति भाव से अष्ट द्रव्य को बड़ी झ बड़ी थाल में सजाकर कि गयी। तत्पश्चात आचार्य श्री का प्रवचन हुआ। चंद्रगिरी डोंगरगढ़ के ट्रस्टी सिंघई निशांत जैन (निशु) ने बताया कि आज आचार्य श्री को नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य श्री सुरेश कुमार रेखा जैन, सिद्धार्थ जैन, ब्रह्मचारिणी रीना दीदी बाबरिया परिवार रामगंज मंडी राजस्थान निवासी को प्राप्त हुआ जिसके लिए चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन,कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या, सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, सिंघई निखिल जैन (ट्रस्टी),निशांत जैन (सोनू), प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन (पप्पू भैया), श्री सप्रेम जैन (संयुक्त मंत्री) ने बहुत बहुत बधाई और शुभकामनायें दी। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने बताया की क्षेत्र में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की विशेष कृपा एवं आशीर्वाद से अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी मंदिर निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और यहाँ प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ में कक्षा चौथी से बारहवीं तक उइए पाठ्यक्रम में विद्यालय संचालित है और इस वर्ष से कक्षा एक से पांचवी तक डे स्कूल भी संचालित हो चुका है ।यहाँ गौशाला का भी संचालन किया जा रहा है। यहाँ हथकरघा का संचालन भी वृहद रूप से किया जा रहा है।आचार्यश्री के दर्शन के लिए दूर झ दूर से उनके भक्त आ रहे हैं।



**डॉ. सुनील जैन संचय**
ज्ञान-कुसुम भवन,नेशनल कान्वेंट स्कूल के सामने,
गांधीनगर, नईबस्ती,ललितपुर 284403, उत्तर प्रदेश
मोबाइल, 9793821108
ईमेल- suneelsanchay@gmail.com
(आध्यात्मिक चिंतक व जैनदर्शन के अध्येता)

## परम पूज्य प्रथम पट्टाचार्य श्री वीरसागर जी महाराज का 147वॉ अवतरण दिवस 3 जुलाई को मनाया जायेगा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

चारित्रचक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज की परम्परा के प्रथम पट्टाचार्य श्री वीर सागर जी महाराज का 147 वॉ अवतरण दिवस आषाढ शुक्ला पूर्णिमा 3 जुलाई को विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा। यह आयोजन अयोध्या में पूज्य माताजी के संघ सान्निध्य सानंद सम्पन्न होगा। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि देश की सर्वोच्च साध्वी , आर्यिका शिरोमणी , गणिनी प्रमुख परमपूज्य श्री ज्ञानमती माताजी के दीक्षागुरू आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण व समाधी स्थल श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी खानियां जयपुर है। पूज्य माताजी की पावन प्रेरणा है कि आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज का 147 वॉ अवतरण( जन्म ) दिवस 3 जुलाई को विशेषरूप से जयपुर में, खानियाँ जी में एवं देशभर के जिनमंदिरों में मनाया जाये, अतः सभी मंदिरों के पदाधिकारीगण इस दिवस को मनाने में अपना उत्साह दिखाकर समाज को लाभान्वित करें।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com